




# नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी, तापमान पहुंचा 45 डिग्री से .

## सड़कों पर पसरा सन्नाटा, हाईवे पर भी कम दिखी वाहनों की आवाजाही

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 25 मई।** नौतपा के पहले दिन सोमवार को जिले में भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। दोपहर तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक डिग्री अधिक बताया जा रहा है।

तेज गर्मी और लू के चलते शहर की सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले। जो लोग बाहर दिखाई दिए, वे गमछा, टोपी और अन्य साधनों का उपयोग कर गर्मी से बचाव करते नजर आए। भीषण तापमान का असर यातायात पर भी दिखाई दिया। इटावा-बरेली हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम रही। वहीं मसैनी कैंट रोड क्षेत्र में भी दोपहर डेढ़ बजे के करीब सन्नाटे जैसे हालात देखने को मिले।



जानकारों के अनुसार नौतपा की शुरुआत सोमवार से हुई है, जो आगामी 2 जून तक चलेगा। नौतपा के दौरान लगातार नौ दिनों तक तेज गर्मी पड़ने की संभावना रहती है। यह खगोलीय स्थिति तब बनती है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है। मान्यता है कि इस अवधि में सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर अधिक प्रभाव डालती हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि होती है और भीषण गर्मी का अनुभव होता है।

चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत फायर स्टेशन के पास सफाई, सीएमओ-नपा प्रतिनिधि पहुंचे

**मालनपुर, 25 मई।** गंगा दशहरा के अवसर पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' के तहत नगर परिषद मालनपुर ने फायर स्टेशन के पास फैला कचरा हटवाकर एवं पुराने कुएं से कचरा निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सीएमओ रेहान अली, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश किरार, इंजीनियर जयश्री शर्मा और वार्ड-14 पार्षद प्रतिनिधि रॉकी जैन मौजूद रहे,अधिकारियों ने जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे इस अभियान के तहत 25 मई को जिले भर में जल संरक्षण कार्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



### बारिश से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन

# कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 25 मई।** आगामी वर्षाकाल और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं पूर्व तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा, जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ और आपदा जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी विभाग समय रहते तैयारी पूरी कर लें, ताकि आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें।



**बारिश से पहले पूरे हों निर्माण कार्य:** कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को निर्देशित किया कि जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को वर्षा शुरू होने से पहले पूर्ण किया जाए, ताकि जलभराव या अधूरे निर्माण के कारण किसी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

**होमगार्ड और बचाव संसाधनों की समीक्षा:** कमान्डेन्ट होमगार्ड को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों में उपयोग होने वाले सभी संसाधनों का आंकलन कर उनकी सूची तैयार की जाए। नाव, लाइफ जैकेट, रस्सियां एवं अन्य उपकरण पूरी तरह चालू स्थिति में रहें।

**स्वास्थ्य विभाग को दवा भंडारण के निर्देश:** बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जिले के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण वर्षा पूर्व सुनिश्चित किया जाए। वहीं पशु चिकित्सा विभाग को भी गांव-गांव में पशुओं के प्रिवेंटिव वैक्सीनेशन और दवाओं के संग्रहण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

**नाले-नालियों की सफाई पर जोर:** कलेक्टर ने नगर पालिका एवं नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर और कस्बों में नालों एवं नालियों की सफाई अभियान चलाकर समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

**पुल-पुलियों पर लगाए जाएंगे चेतावनी बोर्ड:** पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन पुल-पुलियों पर हर वर्ष जलभराव की स्थिति बनती है, वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि आमजन सुरक्षित रह सके।

# संविधान बचाना है तो सामाजिक न्याय की आवाज मजबूत करनी होगी : बरैया

### ग्राम मिश्र का पुरा में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 25 मई।** ग्राम मिश्र का पुरा (चरथर) में सोमवार को भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण एवं तथागत गौतम बुद्ध जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



सभा को संबोधित करते हुए विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन शिक्षा, आत्मसम्मान, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनके द्वारा निर्मित संविधान ने देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया और हर नागरिक को समान अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का कार्य कर रही है।

ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हर व्यक्ति को शिक्षा और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। सभा को नरोत्तम सिंह नरवरिया, नईम पठान, केदार कौशल एवं देवेंद्र निगम सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव महेश जाटव ने किया, जबकि समाजसेवी रामसेवक मौर्य ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बाबूराम जामौर, सुल्तान सिंह नरवरिया, पंकज त्रिपाठी, रामस्वरूप गोयल, अरविंद यादव, रामा वाल्मीकि, राघवेंद्र जाटव, विवेक जामौर, अभिषेक मोर्य, माधव चौरसिया, अजय विमल, वीरेंद्र बरादिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर बघेल उत्थान समिति ने छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 25 मई।** दबोह क्षेत्र स्थित मिहोनी माता मंदिर पर सोमवार शाम अहिल्याबाई होल्कर बघेल उत्थान समिति द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। समारोह में भिंड जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अध्यापक शिवदयाल बघेल ने की, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंभुदयाल बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



समारोह में कक्षा 12वीं एवं हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर राखी बघेल को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 7100 रुपये, समीक्षा बघेल को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये तथा ज्योति बघेल को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 3100 रुपये प्रदान किए गए। इसी प्रकार हाईस्कूल वर्ग में आयुष पाल को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये, गौरव बघेल को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 4100 रुपये तथा पूर्वी बघेल को तृतीय पुरस्कार स्वरूप 3100 रुपये देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं समाजसेवी जे.एस. बघेल ने सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण के क्षेत्र में कन्हैया लाल बघेल, उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए राजा भैया पाल तथा उद्यानिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु गंगाराम बघेल को सम्मान प्रदान किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल ने निर्धन छात्रों की शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में कुलदीप पाल, बदन सिंह बघेल, सुखदीन बघेल, प्रेम सिंह बघेल, रामप्रकाश बघेल एवं जे.पी. बघेल सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बरैया पहुंचे कार्यकर्ताओं के घर, हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 25 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने भिंड जिले का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक चर्चा की।



दौरे के दौरान मेहगांव विधानसभा के ग्राम मोजी का पूरा में मोहर सिंह मदन जी के पूज्य पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात मेहगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह निगम जी के निवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट एवं संगठनात्मक चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र की राजनीतिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ तथा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा मेहगांव विधानसभा के खेरिया थापक में श्री शिव दत्त थापक जी के पूज्य पिताजी वासुदेव थापक के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोनेलाल का पूरा में श्री दिल्लीराम जी के छोटे भाई के निधन पर तथा दतावली में श्री भजनलाल नेताजी के भतीजे एवं श्री दिवाकर मौर्य जी के पूज्य पिताजी के निधन पर उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। फूप में श्री रामेश्वर दयाल पवैया जी के सुपुत्र के निधन पर उनके निवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त की तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रामशेष बघेल के निवास पर भी पहुंचे।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रामशेष बघेल, संगठन महासचिव महेश जाटव, केदार कौशल, देवेंद्र निगम ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मेहगांव, राजीव कांकर, डॉ. सुल्तान सिंह नरवरिया, नरोत्तम सिंह नरवरिया, रघुनाथ सिंह त्रिवेदीया, मलखान सिंह माहौर, दीपेंद्र फौजी ब्लॉक अध्यक्ष अमायन, महेश्वरी जाटव, गरीब सिंह यादव, राघवेंद्र जाटव, माधौ सिंह, बबलू विजय, राजू जाटव, अशोक सिंह अर्गल, पंचम सिंह सरपंच, कैलाश जाटव सहित अनेक कांग्रेसजन एवं साथी उपस्थित रहे।

# जैन समाज ने काली पट्टी बांधकर दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 25 मई।** रीवा में विहाररत पूज्य आर्यिका माताजी के साथ हुई दुर्घटना को लेकर मालनपुर के जैन समाज में गहरा आक्रोश है। रविवार को समस्त जैन समाज ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग की।वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद बीना/ राजेंद्र प्रसाद जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे श्री दिगंबर जैन महावीर जिनालय पर एकत्रित हुए। सभी ने हाथों में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक रोष व्यक्त किया और जुलूस के रूप में मालनपुर थाने पहुंचे।



ज्ञापन में 5 प्रमुख मांगें: थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में जैन समाज ने कहा कि आर्यिका माताजी के साथ हुई घटना 'केवल एक सामान्य सड़क दुर्घटना प्रतीत नहीं होती'। उपलब्ध तथ्यों और वीडियो क्लिपों से समाज में गहरी आशंका है। समाज की प्रमुख मांगें हैं:1. स्ढ्ढञ्ज या न्यायिक जांच घटना के सभी ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, वीडियो व डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित कर उच्चस्तरीय जांच हो। 2. संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू हो। विहार मार्गों पर पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, हाईवे पर विशेष सुरक्षा ।3. राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनेद्य पैदल विहार करने वाले संतों के लिए स्ह्रक्कऔर गाइडलाइन बने। 4.संतों के विरुद्ध अपराध संवेदनशील श्रेणी में हों द्यक्योंकि साधु-संत निहत्थे, अहिंसक और आत्मरक्षा नहीं करते।

**प्रशासन और समाज के बीच समन्वय के लिए युवा नेता रॉकी जैन ने क्या कहा:** वार्ड-14 के पार्षद पुत्र एवं मालनपुर मंडल उपाध्यक्ष, समाजसेवी रॉकी जैन ने बताया कि बीते दिनों रीवा में विहाररत पूज्य आर्यिका माताजी के साथ जो दुर्घटना हुई वह साधारण नहीं थी। इसकी जांच बड़ी गहराई से की जाए। जैन साधु-संत पूर्णत: निहत्थे और अहिंसक होते हैं। उनके साथ बढ़ती दुर्घटनाएं चिंताजनक हैं।'

ज्ञापन में लिखा है कि जैन समाज का उद्देश्य तनाव पैदा करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है। 'जो स्वयं निहत्थे होकर भी मानवता को अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, उनकी सुरक्षा करना समाज और शासन दोनों का नैतिक दायित्व है। ज्ञापन सौंपने वालों में विनोद जैन, मनोज जैन, सोनू जैन, पदमचंद जैन, प्रदीप जैन, उषा जैन, सुनीता जैन ,अंकित जैन, प्रशांत जैन, प्रांशुल जैन, विवेक जैन आदि समस्त जैन समाज की महिलाएं, पुरुष ,बच्चे मौजूद रहे।

# जल संरक्षण जनआंदोलन बने : शुक्ला



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नधाऊ तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ

**भिंड, 25 मई।** जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत गंगा दशमी पर्व पर जनपद पंचायत मेहगांव के ग्राम सड़ासीपुरा स्थित नधाऊ तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कामनासिंह भदौरिया, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा, जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान, एसडीएम मेहगांव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत नधाऊ तालाब स्थल पर विधिवत पूजन के साथ हुई, जिसके बाद मंत्री राकेश शुक्ला ने अधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक श्रमदान कर तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री ने फावड़ा चलाकर श्रमदान करते हुए जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने तालाब संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

**जल संरक्षण केवल योजना नहीं, भविष्य बचाने का संकल्प:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में लगातार तीसरे वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ तालाबों की सफाई या गहरीकरण नहीं, बल्कि गांवों को जल संकट से मुक्त करना, भूजल स्तर बढ़ाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित करना है। तालाब गहरीकरण से बढ़ेगा भूजल स्तर: कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कार्यक्रम में कहा कि पानी बचाने से खेती की लागत कम होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। तालाब गहरीकरण से आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर बढ़ेगा तथा गर्मी के मौसम में पशुओं को भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। जनभागीदारी से दिखा उत्साह: कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जल संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

लोगों ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों से न केवल जल संकट कम होगा, बल्कि गांवों में पर्यावरण संरक्षण और कृषि विकास को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने तालाब संरक्षण और जल संवर्धन के लिए सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।



## विधायक के निवास पहुंचे विशुद्धसागर महाराज

**भिंड, 25 मई।** सोमवार सुबह शहर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया, जब पूज्य पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज का विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के निज निवास पर आगमन हुआ। इस दौरान विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं उनके परिवारजनों ने गुरुवर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवर के स्वागत के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं एवं समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। विधायक कुशवाह ने कहा कि पूज्य गुरुदेव का स्नेह, सान्निध्य और आशीर्वचन जीवन में नई प्रेरणा, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं। गुरुवर के आगमन के बाद विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को उनके साथ ग्राम उदोतपुरा तक पदयात्रा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर पूज्य संत का स्वागत किया गया। विधायक कुशवाह ने कहा कि पूज्य विशुद्धसागर महाराज के सान्निध्य में बिताया गया प्रत्येक क्षण आध्यात्मिक चेतना और आत्मिक शांति से परिपूर्ण रहता है।

## 'बाल संस्कार शिविर' 1 जून से

**भिंड, 25 मई।** भारत विकास परिषद की शाखा जागृति भिंड द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य लाभ एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से 8 दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 1 जून से वनखंडेश्वर रोड स्थित गोपाल गौशाला में प्रारंभ होगा। शाखा सचिव सोनिया अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में बच्चों का बढ़ता मोबाइल उपयोग और बदलती जीवनशैली उन्हें संस्कृति एवं शारीरिक गतिविधियों से दूर कर रही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है, ताकि बच्चों को संस्कार, स्वास्थ्य और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जा सके। शिविर में प्रतिदिन योग क्लासेस, जुम्बा सत्र, महापुरुषों एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित ज्ञानवर्धक कहानियाँ, देशभक्ति संगीत पर नृत्य प्रशिक्षण तथा मानसिक विकास के लिए बौद्धिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Add-Fort Road, Ward No.14, Gohad, District Bhind (M.P)
Email: - cmogohad@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./ स्व. शाखा/2026/1570 — गोहद, दिनांक 25/05/202६

**संक्षिप्त ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों / एंजेसी/फर्म से ई- टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न कार्यों हेतु टेण्डर क्रमांक 2026_UAD_496476_3 प्रकाशन दिनांक से 29.05.2026 एवं 2026_UAD_503700_2 प्रकाशन दिनांक से 02.06.2026, 2026_UAD_507477_1, 2026_UAD_5, 10064_12026_UAD_510066_1 प्रकाशन दिनांक से 08.05..2026 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर एवं कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन ऑनलाइन ही किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नही किया जायेगा। कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर ही देखी जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गोहद
जिला भिण्ड म.प्र.